# सिंहस्थ निर्माण में देरी बर्दाश्त नहीं, कलेक्टर ने तय की सख्त मॉनीटरिंग

## निर्माण कार्यों की समीक्षा, कलेक्टर ने दिए सख्त निर्देश, नगर निगम और विकास प्राधिकरण के कार्य भी देखे





**उज्जैन।** महाकाल की नगरी में महाकुंभ की तैयारियां बड़े पैमाने पर चल रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की कल्पना के अनुसार वर्ष 2027 तक सिंहस्थ के सभी कार्य, विकास कार्य, निर्माण कार्य, सौन्दर्यकरण पूरे हो जाने चाहिए। इसकी मॉनीटरिंग सिंहस्थ मेला अधिकारी संभागायुक्त आशीष सिंह से लेकर उज्जैन कलेक्टर रोशन कुमार द्वारा लगातार की जा रही है। इसी परिप्रेक्ष्य में शनिवार को सिंहस्थ के संबंध में कलेक्टर ने न सिर्फ बैठक ली बल्कि निर्माण कार्यों का दौरा भी किया।

आगामी सिंहस्थ को सुव्यवस्थित और समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराने के लिए जिला प्रशासन ने अपनी तैयारियों को तेज कर दिया है। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने शनिवार सुबह सिंहस्थ मेला कार्यालय सभागृह में नगर निगम, उज्जैन विकास प्राधिकरण और स्मार्ट सिटी से जुड़े निर्माण कार्यों की विस्तार से समीक्षा करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने निर्देशित किया कि पोर्टल पर दर्ज सभी प्रगतिरत कार्यों की कलर कोडिंग अनिवार्य रूप से की जाए जो कार्य समयसीमा के अनुसार चल रहे हैं, उन्हें ग्रीन श्रेणी में दर्शाया जाए। जबकि लक्ष्य से पीछे चल रहे कार्यों को अलग श्रेणी में रखते हुए उनकी नियमित मॉनीटरिंग की जाए। विशेष रूप से क्रिटिकल प्रोजेक्ट्स की प्रगति पर अतिरिक्त ध्यान देने के निर्देश दिए गए। बैठक में विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी गोपाल डांड, नगर निगम प्रभारी आयुक्त संतोष टैगोर, यूडीए सीईओ संदीप सोनी, नगर निगम अपर आयुक्त पवन कुमार सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### निगम के कार्यों के साथ यूडीए की समीक्षा

निगम के कार्यों की समीक्षा के दौरान बताया गया कि राजस्व कॉलोनी क्षेत्र का वर्क ऑर्डर जारी हो चुका है। गदा पुलिया से मंछामन रोड तक का कार्य 60 प्रतिशत से अधिक पूर्ण हो चुका है। डी-मार्ट के सामने लेफ्ट साइड का कार्य पूर्ण हो गया है, जबकि राइट साइड का कार्य प्रगतिरत है। कलेक्टर ने भूमि अधिग्रहण से जुड़े प्रस्ताव शीघ्र भेजने के निर्देश भी दिए। यूडीए की समीक्षा में बताया गया कि लड्डू यूनिट का निर्माण कार्य मार्च तक पूर्ण कर लिया जाएगा। यूनिटी मॉल का कार्य निर्धारित समयसीमा में चल रहा है। गढ़कालिका मंदिर से पीर मछेंद्रनाथ मार्ग का कार्य प्रारंभ हो चुका है तथा जीवनखेड़ी ब्रिज का निर्माण भी शुरू हो गया है। कलेक्टर ने वीर भारत न्यास से संबंधित ड्राइंग-डिजाइन शीघ्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

### सिंहस्थ निर्माण स्थलों का निरीक्षण

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने शनिवार दोपहर नगरीय आवास एवं विकास विभाग द्वारा किए जा रहे सिंहस्थ निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान प्रस्तावित विकास कार्यों के विभिन्न स्थलों का मौके पर जाकर अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने निर्माण कार्यों की भौतिक प्रगति का जायजा लेते हुए कार्यों में गति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से महाकाल मंदिर पहुंच मार्गों और मास्टर प्लान अंतर्गत मार्गों के चौड़ीकरण कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के समय प्रभारी नगर निगम आयुक्त संतोष टैगोर, यूडीए सीईओ संदीप सोनी, नगर निगम अपर आयुक्त पवन सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# मुस्लिम युवक के साथ होटल में मिली हिन्दू युवती

## फ्री फायर गेम से हुई दोस्ती, पुलिस कर रही जांच

**उज्जैन। होटल में ठहरे युवक-युवती की सूचना संचालक ने हिन्दूवादी संगठन और पुलिस को दी। हिन्दूवादी संगठन ने होटल पहुंचकर पूछताछ की तो युवक मुस्लिम और युवती हिन्दू होना सामने आई। दोनों को पुलिस थाने लेकर गई है। दोनों के बीच फ्री फायर गेम के माध्यम से दोस्ती होना सामने आया है।**

मालीपुरा क्षेत्र में होटल दर्शन में युवक-युवती आकर ठहरे थे। संचालक को दोनों पर शंका हुई तो हिन्दूवादी संगठन के साथ देवासगेट थाना पुलिस को सूचना दी। हिन्दूवादी संगठन के पहुंचने पर सामने आया कि युवक ने माथे पर महाकाल का चंदन लेप लगा रहा था। पूछताछ करने पर वह भोपाल का रहने वाला मुस्लिम युवक साहिल एहमद होना सामने आया। युवती जबलपुर की रहने वाली थी। दोनों को पुलिस थाने लेकर आई। जहां सामने आया कि फ्री फायर गेम के माध्यम से दोनों के बीच पहचान हुई थी। दोस्ती प्यार में बदल गई और युवक ने मिलने के लिये युवती को उज्जैन बुला लिया। पुलिस दोनों के परिजनों से संपर्क करने का प्रयास कर रही है। लव जिहाद के मामले में अब फ्री फायर गेम का नया एंगल सामने आया है। पिछले कुछ समय से उज्जैन की होटलों में लगातार हिन्दू युवती और मुस्लिम युवकों के मामले सामने आ रहे है। कई मामलों में हिन्दूवादी संगठनों द्वारा पकड़ने जाने पर पुलिस द्वारा युवकों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के साथ युवतियों के शिकायत पर प्रकरण दर्ज किये हैं।



## हिंदी ही जन जन की भाषा है- शशांक दुबे , प्रेमचंद सृजन पीठ ने मनाया विश्व हिंदी दिवस

**उज्जैन।** आज हिंदी ही बातचीत का मुख्य माध्यम है और हिंदी ही जन जन की भाषा है। आप अंग्रेजी में कितनी ही पढ़ाई कर लें मगर व्यावहारिक रूप से दैनिक जीवन में सिर्फ हिंदी भाषा ही काम आएगी। हिंदी फिल्मों ने भी हिन्दी भाषा को लोकप्रिय बनाने में अतुलनीय योगदान दिया है और वैश्विक फिल्मों से इतर हमारी फिल्मों के हिन्दी गाने और संवाद महत्वपूर्ण रहे हैं। हमारी फिल्मों के गीत विश्व में लोकप्रिय हुए हैं। ये विचार प्रेमचंद सृजन पीठ द्वारा विश्व हिंदी दिवस पर भारतीय ज्ञानपीठ महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ साहित्यकार और ख्यात फिल्म समीक्षक शशांक दुबे ने वैश्विक परिप्रेक्ष्य में हिन्दी विषय पर अध्यक्षीय उद्बोधन में व्यक्त किये। अतिथियों ने माँ सरस्वती और प्रेमचंद जी के चित्र पर माल्यार्पण और दीप आलोकन कर आयोजन का शुभारम्भ किया। आयोजन में भारतीय ज्ञानपीठ के निदेशक संदीप कुलश्रेष्ठ, जनसंपर्क पूर्व संयुक्त संचालक डॉ चंदर सोनोने, वरिष्ठ कवि अशोक भाटी, कवयित्री संगीता तल्लेरा आदि उपस्थित थे। संचालन करते हुए व्यंग्यकार डॉ हरीश कुमार सिंह ने कई उद्धरणों से हिन्दी को विश्व की एक नम्बर भाषा बताया। आभार निदेशक मुकेश जोशी ने व्यक्त किया।

## चल समारोह का निगम ने किया स्वागत



**उज्जैन।** जगतगुरु रामानंदाचार्य जी महाराज का 726 वा प्राकट्य महा महोत्सव अंतर्गत शनिवार को भव्य चल समारोह निकाला गया। जो कि गोपाल मंदिर से प्रारंभ होकर विकास विभिन्न मार्गों से होते हुए खाक चौक पहुंचा। इस अवसर पर नगर निगम द्वारा वार्ड क्रमांक 15 स्थित निकास चौराहा से मंच के माध्यम से चल समारोह का स्वागत पुष्प वर्षा एवं चल समारोह में शामिल महंत डॉ. रामेश्वर दास महाराज अध्यक्ष रामा दल अखाड़ा परिषद एवं अन्य उपस्थित महाराज का स्वागत पुष्पमाला एवं दुपट्टा ओढ़ाकर किया गया। इस अवसर पर नगर महामंत्री जगदीश पांचाल, 'अन्नू भैया, सावन बजाज, रूपेश श्रीवास्तव, राजेश दिसावल, आशीष कुमावत, बाबू अजमेरा, मनीष अग्रवाल, प्रमोद वर्मा, मनीष कवल एवं वार्ड के सम्माननीय नागरिक उपस्थित रहे।

# डिवाइडर से टकराई एक्टिवा, छात्र की हादसे में मौत

**उज्जैन। गणतंत्र दिवस की परेड रिहर्सल में शामिल होने के लिए जा रहे दो छात्र हादसे का शिकार हो गए। एक की मौके पर मौत हुई है दूसरा घायल है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।**

रामघाट तोड़ी मोहल्ला में रहने वाला जफर पिता हिबजूल रहमान 16 साल शनिवार सुबह अपने दोस्त विश्वदीप पिता शंकर लाल निवासी जयसिंहपुरा के साथ एक्टिवा पर सवार होकर दशहरा मैदान पर चल रही गणतंत्र दिवस परेड रिहर्सल में शामिल होने के लिए निकाला था। कर्कराज मंदिर के समीप एक्टिवा की रफ्तार तेज होने पर डिवाइडर से टकरा गए। हादसे में जफर की मौके पर मौत हो गई दोस्त विश्वदीप घायल हो गया। दोनों को अस्पताल लाया गया। घटना की जानकारी लगते ही दोनों के परिजन अस्पताल पहुंच गए थे। मृतक जफर के परिजनों ने बताया कि कक्षा 9 वी का छात्र होकर महाराजवाड़ा स्कूल में पढ़ता था। परिजनों का कहना था कि दुर्घटना कार से हुई है। लेकिन घायल दोस्त का कहना था कि वह अपने पिता की एक्टिवा लेकर आया था जफर ने चलाने की जिद्दी की और तेज गति से चला रहा था। डिवाइडर से टकराने पर हादसा हुआ है। महाकाल थाना पुलिस ने मामले की जांच और घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे देखने की बात कही है। विदित हो कि शहर में अधिकांश बच्चे जो कि स्कूल जाते हैं तीन सवारी बैठाकर वाहन चलाते हैं और गति पर भी नियंत्रण नहीं रहता है।

### हिरासत में आया महिला से अनैतिक कृत्य करने वाला

उज्जैन। महिला को अकेला पाकर उसके साथ अनैतिक कृत्य करने और धमकाने वाले आरोपी को पुलिस ने हिरासत में लिया है। जिसे पूछताछ के बाद जेल भेजा जाएगा। भाटपचलाना थाना पुलिस को 5 दिन पहले महिला शिकायत दर्ज कराई थी कि तीन माह पहले वह घर पर अकेली थी। उसे दौरान गांव का रहने वाला नारायण पिता गोपाल चौहान घर में घुस गया था और जबरदस्ती उसके साथ अनैतिक कृत्य किया। विरोध करने पर पति को मारने की धमकी देते हुए समाज में बदनाम करने की बात कही। उसके द्वारा धमका कर शोषण किया जाने लगा। आए दिन की हरकतों से परेशान होकर शिकायत दर्ज करना चाहती है। पुलिस के अनुसार महिला की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की गई लेकिन वह फरार हो गया था। उसने एक वीडियो भी जारी किया जिसमें आत्महत्या की खबर पोस्ट कर पुलिस को भ्रमित करने का प्रयास किया। शनिवार को सूचना मिली कि उक्त आरोपी बदनावर के समीप चौपाटी पर दिखाई दिया है। तत्काल टीम रवाना की गई और आरोपी को घेराबंदी कर हिरासत में लिया गया। आरोपी से पूछताछ की जा रही है न्यायालय में पेश कर जेल भेजा जाएगा।

### बाइक सवार की मौत

घट्टिया थाना पुलिस ने बताया कि अस्पताल चौराहा पर डंपर से बाइक पर सवार बुजुर्ग टकरा गया। दुर्घटना के बाद चालक डंपर लेकर भाग निकला। घायल बाइक सवार को समीप सामुदायिक केन्द्र ले जाया गया, लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पहुंच गई थी। मृतक की पहचान के प्रयास करने पर उसके पास से आधार कार्ड मिला। जिस पर उसका नाम मोहनलाल पिता रामजी निवासी अशोकनगर मंडी अतिरिक्त विश्व बैंक कॉलोनी उज्जैन अंकित था। आधार कार्ड से पता मिलने पर परिजनों को सूचना दी गई है। शनिवार सुबह परिजनों ने पोस्टमार्टम के दौरान बताया कि कजिन भाई का निधन होने पर अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए तनोड़िया जा रहे थे। दुर्घटना के बाद वहां लगे सीसीटीवी कैमरों का फुटेज भी सामने आया है। जिसमें टर्न लेते डंपर से बाइक सवार टकराता दिखाई दे रहा है।

## डामरीकरण कार्य का भूमिपूजन किया

**उज्जैन।** वार्ड क्रमांक 47 की पार्षद दिव्या बलवानी के प्रयासों से क्षेत्र में मुख्यमंत्री अधोसंरचना राशि अंतर्गत राशि रुपए लगभग 17 लाख की लागत से डामरीकरण कार्य का भूमि पूजन शनिवार को महापौर मुकेश टटवाल, नगर भाजपा अध्यक्ष संजय अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष गजेंद्र खत्री, पार्षद दिव्या बलवानी, प्रकाश चित्तौड़ा की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

उल्लेखनीय है कि वार्ड क्रमांक 47 अंतर्गत अलखधाम नगर से धन नारायण मांगलिक परिसर तक नगर निगम द्वारा मुख्यमंत्री अधोसंरचना की राशि लगभग 17 लाख की लागत से डामरीकरण कार्य करवाया जाएगा। जिससे वार्ड के नागरिकों को आवागमन में सुविधा होगी।

इस अवसर पर जोन अध्यक्ष सुरेंद्र मेहर, संग्राम सिंह भाटिया, गोपाल बलवानी, अनिल शिंदे, जवाहर जय सिंघानी, अशोक चावला, रमेश परवाल, प्रतीक खंडेलवाल, गोपाल अग्रवाल, दीपक बेलानी, रिंकू बेलानी एवं वार्ड के नागरिक उपस्थित रहे।

## एक नजर में



### तिरंगा फहराती हिंदू एकता शोभा यात्रा निकाली

**उज्जैन।** विराट हिंदू सम्मेलन से पूर्व नगर में हिंदू सम्मेलन के अंतर्गत एक भव्य हिंदू एकता शोभा यात्रा निकाली गई, जिसमें 300 से 400 सनातन धर्मावलंबियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। शोभा यात्रा में भारत माता, झांसी की रानी एवं भगवान भोलेनाथ के दिव्य स्वरूप विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। भगवा ध्वजों, शंखनाद और जयघोषों से वातावरण पूर्णतः सनातनमय हो गया। कार्यक्रम के दौरान मुरलीधर सोनी, विशाल सोनी, उषा वर्मा, राखी श्रीवास, दीपक परिहार, सतीश परिहार, भूपेन खुल्लर, राधेवेन्द्र भदौरिया, सूरज गुप्ता एवं शिवचरण शर्मा सहित अनेकधर्मनिष्ठ एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। संयोजक श्री महेंद्र परिहार ने समस्त सनातन धर्मप्रेमी बंधुओं से विशेष आग्रह किया है कि कल प्रातः 10 बजे आयोजित होने वाले हिंदू सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में सपरिवार पधारें, भोजन-प्रसादी ग्रहण करें तथा अपनी उपस्थिति से सम्मेलन को भव्य और ऐतिहासिक बनाएँ।



### विराट हिंदू सम्मेलन से पूर्व निकाली कलश यात्रा

**उज्जैन।** चारधाम बस्ती केशव नगर के सर्व हिन्दू समाज द्वारा आज 11 जनवरी रविवार को प्रातः 10 बजे विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन के पूर्व कलश यात्रा निकाली गई। रघुकुल गार्डन, नरसिंहघाट रोड पर होने जा रहे विराट सम्मेलन में मंगल हनुमान मंदिर, गणेश कॉलोनी, जयसिंहपुरा सहित समस्त चारधाम बस्ती केशवनगर के हिंदू समाजजन शामिल होंगे। टोली संयोजक हिरदेश गुरु ने बताया कि विराट हिन्दू सम्मेलन से पूर्व निकली कलश यात्रा से इस सम्मेलन को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने का संकल्प लिया साथ ही सभी को सम्मेलन में शामिल होने हेतु आव्हान किया गया।

### संकल्प से समाधान अभियान 12 से

**उज्जैन।** सुशासन और विकसित मध्यप्रदेश के लक्ष्य को साकार करने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में संकल्प से समाधान अभियान आगामी 12 जनवरी (राष्ट्रीय युवा दिवस) से प्रारंभ होकर 31 मार्च तक पूरे प्रदेश के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में संचालित किया जाएगा। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य भारत सरकार एवं राज्य शासन की विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं तथा सेवाओं का समयबद्ध और प्रभावी तरीके से पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाना है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में यह अभियान मिशन मोड में चलाया जाएगा, ताकि गांव, गरीब, किसान, युवा, महिलाएं और सभी वर्ग आत्मनिर्भर, सशक्त एवं समृद्ध बन सकें। अभियान को चार चरणों में विभाजित किया गया है। प्रथम चरण 12 जनवरी से 15 फरवरी में ग्राम पंचायत, नगरीय वार्ड स्तर पर समितियां गठित कर घर-घर जाकर या शिविरों के माध्यम से आवेदन, शिकायतें एकत्र की जाएंगी। यह आवेदन पर दर्ज किए जाएंगे। द्वितीय चरण 16 फरवरी से 16 मार्च 2026) में क्लस्टर, जोन स्तर पर शिविर आयोजित कर प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा।

### त्रिशूल आश्रम पर 11 को स्वास्थ्य शिविर

**उज्जैन।** बड़नगर रोड स्थित मोहनपुरा में चमत्कारी त्रिशूल आश्रम पर चमत्कारी त्रिशूल आश्रम संचालन समिति के तत्वावधान में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। आश्रम के महंत अमरगिरी नागा बाबा ने जानकारी देते हुए बताया कि ठंड के मौसम में बढ़ती बीमारियों को ध्यान में रखते हुए यह शिविर आयोजित किया जा रहा है। शिविर में रक्तदान, नेत्र परीक्षण एवं सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण की सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध रहेंगी। यह शिविर 11 जनवरी, रविवार को सुबह 10 .30 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित किया जाएगा। शिविर में एसएन कृष्णा हॉस्पिटल के अनुभवी चिकित्सक अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। आश्रम संचालन समिति ने अधिक से अधिक लोगों से शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

### एसआईआर कार्य संबंधी निर्देश दिए

**उज्जैन।** शुक्रवार शाम चुनाव आयोग ने वीसी लेकर प्रदेश में एसआईआर कार्य संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश जिला निर्वाचन अधिकारियों को दिए। वीसी में चुनाव आयोग द्वारा जिला निर्वाचन अधिकारी को अगले कार्य दिवस में सभी एईआरओ के साथ बैठक कर उन्हें आवश्यक निर्देश देने को निर्देशित किया गया। वीसी में फॉर्म नं. 6, डिस्क्रेपेंसी वाले कार्य पर विशेष ध्यान देने, इन्वेशन फॉर्म आदि पर चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वीसी में मुख्य निर्वाचन अधिकारी ऑनलाइन जुड़े, कलेक्टर सह जिला निर्वाचन अधिकारी रौशन कुमार सिंह, उपनिर्वाचन अधिकारी संदीप सिंह, एआरओ आदि उपस्थित रहे।

# परिवार कार्यक्रम में गया था, महिला ने खा लिया जहर

**उज्जैन।** तीन बच्चों की मां ने बीती शाम जहरीला पदार्थ खा लिया। रात में परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां कुछ घंटे चले उपचार के बाद मौत हो गई। जहरीला पदार्थ खाने का कारण सामने नहीं आया है। मायके से परिजनों के आने पर पोस्टमार्टम कराया गया।

देवास रोड स्थित ग्राम दताना की रहने वाली मोनाबाई पति संजय जोशी 30 साल को रात में परिजन उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे थे। जहां कुछ घंटे बाद उसकी मौत हो गई। आज सुबह ससुराल पक्ष के लोगों ने बताया कि गांव में ही कार्यक्रम होने पर परिवार के सभी सदस्य गए हुए थे। मोना घर पर अकेली थी। रात में वापस लौटने पर मोना बेसुध हालत में पड़ी दिखाई दी। मायका हातोद में है। मोना के तीन छोटे बच्चे हैं। उसने ऐसा कदम क्यों उठाया इसकी वजह पता नहीं है। पुलिस के अनुसार मायके से परिजनों के आने पर पोस्टमार्टम कराया गया।

### 55 साल की महिला एसिड पीकर दी जान

अलकापुरी में रहने वाली प्रतिभा पति विद्याधर 55 साल ने कल दोपहर एसिड पी लिया था। पति कलेक्ट्रेट कार्यालय में पदस्थ है। दोपहर को वह घर लौटे तो उन्हें पत्नी अचेत अवस्था में पड़ी दिखाई दी। पड़ोसियों की मदद से निजी अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि प्रतिभा मानसिक रूप से बीमार थी। बेटा नागपुर में पढ़ाई करता है। घटना के समय छोटी बेटी स्कूल गई हुई थी। माधवनगर पुलिस द्वारा मामले में मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया गया है। इधर घट्टिया तहसील के ग्राम रलायती में रहने वाले अशोक पिता भैरुलाल मालवीय 26 वर्ष ने दो दिन पहले जहर खा लिया था। परिजन पहले घोंसला लेकर पहुंचे। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उज्जैन रैफर किया। अशोक को परिजन निजी अस्पताल लेकर पहुंचे जहां रात में उसकी मौत हो गई। मृतक ड्रायवरी करता था। संभवतः आर्थिक परेशानी के चलते उसने जहर खाया था।

# बड़नगर के सिविल हॉस्पिटल का निरीक्षण किया

**उज्जैन।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल ने स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने के उद्देश्य से गत दिवस जिले के बड़नगर स्थित सिविल हॉस्पिटल का औचक निरीक्षण किया।



उन्होंने अस्पताल के ओपीडी, एनसीडी क्लिनिक और दवाई वितरण केंद्र का निरीक्षण किया और सभी आवश्यक दवाइयों की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए। प्रसूति वार्ड में गर्भवती महिलाओं को दी जाने वाली सेवाओं का अवलोकन किया। निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार सेवाएं उपलब्ध कराने, गुणवत्तापूर्ण पौष्टिक भोजन और नाश्ता (डाइट चार्ट अनुसार) प्रदान करने के निर्देश दिए। टीकाकरण को 100 प्रतिशत सुनिश्चित करने, यूनियन पोर्टल पर अपडेट करने, एनसीडी कार्यक्रम के तहत स्क्रीनिंग बढ़ाने के निर्देश दिए। सभी पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनवाने, गर्भवती महिलाओं का ईएएनसी और हाई-रिस्क प्रेग्नेंसी का समय पर प्रबंधन, अनमोल पोर्टल पर 100 प्रतिशत एंट्री करने के निर्देश दिए गए। साथ ही अस्पताल में आने वाले मरीजों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं सभी आवश्यक दवाइयां, उपकरण उपलब्ध कराना, पैथोलॉजी जांच सेवाएं सुचारू रखना, साफ-सफाई और रिकॉर्ड रखरखाव पर जोर देने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान डॉ. अशोक कुमार पटेल के साथ डॉ. एसके श्रीवास्तव भी उपस्थित थे।

**मंदिर में जाप किया** — आज ही के दिन आक्रांता गजनी ने सोमनाथ मंदिर तोड़ा था इसलिए सनातन धर्म की सुरक्षा और रक्षा के लिए ओम नमः शिवाय जाप

# भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने महाकाल मंदिर में ओंकार जाप किया

नवभारत न्यूज

**उज्जैन।** करीब 1500 साल पहले 1026 ईस्वी में मेहमूद गजनी ने आज ही के दिन सोमनाथ मंदिर को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया था। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वहां पर पहुंचे रहे हैं। इधर आज भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने उज्जैन महाकाल मंदिर पहुंचकर सनातन धर्म एवं संस्कृति की रक्षा होती रहे इसके लिए ओंकार जाप किया।



आज सुबह 7.30 बजे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल उज्जैन पहुंचे यहां उनकी अगवानी भारतीय जनता पार्टी नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, महामंत्री जगदीश पांचाल, अनिल शिंदे, राकेश पंड्या ने की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीधे महाकाल मंदिर पहुंचे यहां पर उन्होंने भगवान के दर्शन किए और इसके बाद नंदी हाल में सभी के साथ ओम नमः शिवाय जाप किया। आज के दिन 1026 ई में विदेशी लुटेरे आक्रांता मेहमूद गजनी ने सोमनाथ क्षेत्र में कई लोगों की हत्या कर मंदिर को ध्वस्त कर दिया था। सनातन धर्म एवं प्रदेश की सुरक्षा की प्रार्थना की। कार्यक्रम में नगर महामंत्री आनंद सिंह खींची, कमल बैरवा, सुहास वैद्य, विजय दीक्षित, पंकज मिश्रा, मुकेश यादव सहित पार्टी के पदाधिकारी एवं अन्य लोग मौजूद थे।

**गुजरात के राज्य मंत्री माली ने किए महाकाल के दर्शन**-गुजरात सरकार में वन एवं पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन एवं परिवहन विभाग के राज्य मंत्री प्रवीण गोरधन माली ने ज्योतिर्लिंग भगवान श्री महाकालेश्वर जी के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया। दर्शन उपरांत श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की ओर से सहायक प्रशासक हिमांशु कारपेंटर ने राज्य मंत्री का स्वागत एवं सत्कार किया।



### हिंदू सम्मेलन आज दिगंबर जैन मंदिर पर आयोजित

उज्जैन। जयसिंह पुरा बस्ती का हिंदू सम्मेलन आज रविवार को प्रातः 10 बजे से दिगंबर जैन मंदिर डेरी चौराहा के पास होगा। इस बस्ती में 5 मोहल्ले आते हैं। यह जानकारी हिंदू सम्मेलन के कार्यक्रम संयोजक अशोक माली ने बताया कि प्रत्येक मोहल्ले से बड़ी संख्या में समाजजनों को आमंत्रित किया गया है। मोहल्ले के सभी घरों में भगवा पताकाएं लगाई गई है। प्रमुख मंदिरों में 1 से 8 तारीख तक महाआरती का आयोजन किया गया व 9 तारीख को भजन संध्या बस्ती के ध्रुव नगर में रखी गई थी। सम्मेलन की पूर्व संध्या पर शनिवार की शाम को फेरी निकाली गई। रविवार को हिन्दू सम्मेलन में सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ सामाजिक समरसता भोज का आयोजन होगा। कार्यक्रम में संत शेवानन्द गिरि, मातृ शक्ति अनीता पंवार एवं मुख्य वक्ता अशोक सोहनी रहेंगे।